<u>रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर</u>

यदि एकाग्र चित होकर पढ़ाई करें, तो अवश्य मिलेगी सफलता
रादुविवि में 'परीक्षा पे चर्चा–2022' के सीधे प्रसारण का आयोजन



जबलपुर 01 अप्रैल। मान. प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को देश के छात्रों के साथ में परीक्षा पे चर्चा–2022 लाईव कार्यक्रम के माध्यम से सीधे चर्चा की। पीएम मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से छात्रों के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम की शुरुआत की। रानी दुर्गावती विष्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में बिग स्क्रीन पर इस लाइव के माध्यम से बहुचर्चित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को माननीय कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र एवं कुलसचिव प्रो. बृजेश सिंह की मौजूदगी में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा देखा और सुना गया।

ऑनलाईन कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा–2022' के प्रारंभ में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षाओं में सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि यदि एकाग्र चित होकर पढ़ाई की करें तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। उन्होने ऑनलाईन ऑर ऑफ लाईन शिक्षा का महत्व समझाते हुए कहा कि ऑनलाईन शिक्षा आधार मजबूत करने के लिए उपयोगी है और ऑफ लाईन शिक्षा जीवन में आकार देने के लिए उपयोगी है।

नई सदी में सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए है राष्ट्रीय शिक्षा नीति–

'परीक्षा पे चर्चा–2022' कार्यक्रम में देश के कोने–कोने से विद्यार्थियों, शिक्षकों ने अपनी–अपनी जिज्ञासाओं को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष रखा। ऐसे ही नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर पूछे गए सवालों के जवाब देते हुए माननीय प्रधानमंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण देश के शिक्षकों, छात्रों और नागरिकों के सहयोग से हुआ है और इसका हर तबके ने स्वागत किया है। नई सदी में नयी सोच के साथ राष्ट्रीय षिक्षा नीति सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए बहुत अवसर देती है। उन्होने सभी शिक्षाविदों से आव्हान किया कि वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्याप्त बारीकियों को जमीन पर उतारने के लिए नए–नए तरीके खोजें।

शिक्षा से लेकर परीक्षा तक हर विषय को सूक्ष्मता से समझाया–

'परीक्षा पे चर्चा–2022' कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने षिक्षा और परीक्षा से जुड़े विविध विषयों पर माननीय प्रधानमंत्री से खुलकर सवाल किये, पीएम मोदी ने भी ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के विकास, प्रतियोगिता नहीं तो जिंदगी किस बात की, बोर्ड परीक्षा की तैयारी कैसे करें, कभी–कभी खुद का भी एग्जाम लें, समय का सदुपयोग कैसे करें, परीक्षा के दौरान भूलने की समस्या से कैसे बचें, परीक्षा से डरने की जरूरत नहीं, मोटिवेशन का कोई फॉर्मूला नहीं, क्या परीक्षा को गंभीरता से लेना चाहिए, परीक्षा जीवन का सहज हिस्सा है इत्यादि को विस्तारपूर्वक समझाया। ऑनलाईन

कार्यक्रम के दौरान संकायाध्यक्ष प्रो. राकेश बाजपेयी, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, विवि कम्प्यूटर केन्द्र प्रभारी डॉ. अजय गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।